**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–05.08.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **दिशोम गुरु शिबू सोरेन पंचतत्व में विलीन, राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, अंतिम दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब।**

- **शिबू सोरेन की अंतिम यात्रा में केन्द्रीय मंत्री जोएल ओराम, अन्नपूर्णा देवी समेत कई मंत्री, सांसद और विधायक हुए शामिल।**

- **मेडिकल काउंसलिंग कमिटी ने नीट यूजी के पहले चरण की चॉइस फिलिंग और सीट लॉकिंग पर लगायी रोक, जल्द जारी होगी नयी तिथि।**

- **राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी, मौसम विभाग ने 8 अगस्त तक के लिए जारी किया येलो अलर्ट, वज्रपात की भी चेतावनी।**

- **चेन्नई में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष चैंपियनशिप में झारखंड की टीम ने चंडीगढ़ को 13–0 से हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश, महिला टीम ने भी की जीत से शुरुआत।**

*******************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिवंगत शिबू सोरेन को आज नम आंखों से अंतिम विदायी दी गयी। रामगढ़ के नेमरा स्थित पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि हुई। इस दौरान कई मंत्री, सांसद, विधायक और बड़ी संख्या में आम लोग मौजूद रहे। अपने नेता को अंतिम विदायी देने के लिए राज्य के दूरदराज के इलाकों से भी लोग नेमरा पहुंचे थे।

*******************

इससे पहले दिशोम गुरु शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर झारखंड विधानसभा में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। इस दौरान राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, जोएल ओराम के अलावा राज्य के मंत्रियों, विधायकों और विभिन्न दलों के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शिबू सोरेन के निधन को पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

दिशोम गुरु के अंतिम यात्रा में केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि के रुप में शामिल होने आये जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि शिबू सोरेन के सिद्धांतों का आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

******************

उधर, लोकसभा में आज दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। सदन में सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि शिबू सोरेन को सामाजिक न्याय एवं जनजातीय कल्याण के लिए सदैव याद किया जाएगा।

लोकसभा में कोडरमा के पूर्व सांसद तिलकधारी प्रसाद सिंह के प्रति भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

******************

मेडिकल काउंसलिंग कमिटी–एमसीसी ने नीट यूजी के पहले चरण की चॉइस फिलिंग और सीट लॉकिंग पर रोक लगा दी है। एमसीसी ने रोक का कोई कारण नहीं बताया है, लेकिन बताया है कि नयी तिथियों की घोषणा जल्द की जायेगी। नीट यूजी काउंसलिंग कार्यक्रम के अनुसार उम्मीदवारों को 4 अगस्त तक अपनी चॉइस फिलिंग व लॉकिंग की प्रक्रिया पूरी करनी थी और इसका रिजल्ट छह अगस्त को आना था।

******************

एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस यानि यूपीआई आधारित दैनिक लेनदेन पहली बार 70 करोड़ को पार कर 70 करोड़ 70 लाख पहुंच गई है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा जारी एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, यह उपलब्धि 2 अगस्त को हासिल हुई। पिछले दो वर्षों में दैनिक लेनदेन की संख्या दोगुनी हो गई है, हालांकि लेनदेन राशि में वृद्धि पिछले वर्षों की तुलना में धीमी रही है। सरकार यूपीआई के लिए प्रतिदिन 100 करोड़ लेनदेन हासिल करने का लक्ष्य रख रही है और आशा है कि मौजूदा विकास दर के साथ यह प्लेटफ़ॉर्म अगले साल इस लक्ष्य तक पहुंच जाएगा।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आज नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक हुई। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रस्ताव पारित हुआ। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में मिली सफलता पर नरेन्द्र मोदीका अभिनंदन भी किया गया। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि सभी सांसदों ने देश के सशस्त्र बलों की वीरता की सराहना की।

******************

जामताड़ा जिले में बाल अपराध और साइबर ठगी पर रोक लगाने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं।

******************

राज्य में सात और आठ अगस्त को भारी बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने बताया है कि सात अगस्त को पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, सिमडेगा, साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा, दुमका, देवघर, जामताड़ा और गिरिडीह जैसे जिलों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं आठ अगस्त को इन जिलों के अलावा हजारीबाग, बोकारो, रांची, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, कोडरमा, बोकारो और धनबाद में भारी बारिश हो सकती है। राज्य में अब तक इस मानसूनी सीजन में सामान्य से 45 फीसदी अधिक बारिश हुई है।

***********************

चेन्नई में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चौंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मैच में झारखंड की टीम ने चंडीगढ़ को 13–0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इस मैच में झारखंड के सबियान कीड़ो को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार दिया गया। उधर, आंध्रप्रदेश में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चौंपियनशिप में झारखंड महिला हॉकी टीम ने अपने पहले मैच में हॉकी कर्नाटक को 2–0 से पराजित कर जीत के साथ अपनी शुरुआत की। इस मैच में झारखंड की सीता कुमारी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार दिया गया।

***********************

इंडियन आर्मी एफटी और त्रिभुवन आर्मी एफसी के बीच आज जमशेदपुर स्थित जेआरडी टाटा स्पोर्ट्‌स कॉम्प्लेक्स में डूरंड कप ग्रुप–सी का मैच खेला गया। इस मैच में इंडियन आर्मी एफटी की टीम ने त्रिभुवन आर्मी एफसी को शून्य के मुकाबले एक गोल से पराजित किया। इस जीत के साथ इंडियन आर्मी एफटी की टीम ग्रुप सी की तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। अपने दोनों मुकाबले जीत कर जमशेदपुर एफसी की टीम अभी भी ग्रुप सी में तालिका में पहले स्थान पर है।

*********समाप्त**********